Attachment 2-3

प्रारुप–6

## प्रारम्भिक संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट का प्रारूप

**परियोजना का नाम :-- जनपद चम्पावत में पी0एम0जी0एस0वाई के अन्तर्गत धौन से बडोली मोटर मार्ग का निर्माण लम्बाई 6.550 कि0मी0**

आज दिनाँक 15–6–2014 को सिचाई खण्ड,लो0नि0वि0 पी0एम0जी0एस0वाई, चम्पावत (एजेन्सी का नाम) के द्वारा धौनं से बडोली मोटर मार्ग कि.मी. 6.550 तक बनाये जाने वाले मार्ग/प्रस्तावित परियोजना को बनाये जाने हेतु स्थल निरीक्षण किया गया। संयुक्त निरीक्षण के समय वन विभाग की ओर से श्री बी0एम0टम्टा उप वन क्षेत्राधिकारी राजस्व विभाग की ओर से श्री हरीष चन्द्र जोषी उप राजस्व निरीक्षक, प्रस्तावक विभाग की ओर से श्री हरीष चन्द्र भट्ट, अन्य दावेदारों की ओर से श्री रूद्रमणि, श्री हेम चन्द्र,श्री लालमणि श्री सुरेष चन्द्र तथा स्थानीय प्रतिनिधि के रुप में श्रीमती मोहनी देवी ग्राम प्रधान.के द्वारा प्रश्नगत परियोजना को बनाने हेतु सर्वश्रेष्ठ स्थल/समरेखन के चयन तथा अन्य वैकल्पिक स्थलों/समरेखनो के चयन हेतु भाग लिया गया ।

संयुक्त निरीक्षण में पाया गया कि सामाजिक आवश्यकता, परिस्थितिक आवश्यकता, आर्थिक मितव्यता तथा तकनीकी आवश्यकता के दृष्टि से जो समरेखन/स्थल सर्वथा उपयुक्त पाया गया है उसमें 1750 (मी0) नाप भूमि. से, 2500 (मी0) सिविल भूमि से, ~~2300~~ (मी0) वन पंचायत से,षून्य आरक्षित वन भूमि प्रभावित होगी एवं इस समरेखण/स्थल के चयन में कुल 4.935 हे0 भूमि प्रभावित होगी। वन भूमि में 7 मी0 चौडाई ली गयी है। एवं नाप भूमि में 9 मी0चौडाई ली गयी है। इस प्रकार नाप भूमि 1.575 हे0 सिविल भूमि 1.750 हे0वन पंचायत भूमि 1.610 हे0 आरक्षित वन भूमि शून्य की आवश्यकता होगी। जिनमें से कुल 3.360 हे0 भूमि के हस्तान्तरण की आवष्यकता होगी। इस समरेखन पर/चुने गये स्थल पर लगभग 286 वृक्ष चीड,साल,साज,साधन आदि प्रजाति के इस परियोजना के निर्माण से प्रभावित होंगे, जिनमें से शून्य बांज प्रजाति के प्रभावित होंगे ।

इस समरेखण के तुलना में जो वैकल्पिक समरेखण देखे गये उसमें 1000 (मी0) नाप भूमि.से, 3000 (मी0) सिविल भूमि से, 3000 (मी0) वन पंचायत से, एवं आरक्षित वन भूमि 500 मी0 प्रभावित होगी एवं इस समरेखण/स्थल के चयन में कुल 0.900 हे0 नाप भूमि 2.10 हे0 सिविल भूमि 2.10 हे0वन पंचायत भूमि 0.35 हे0 आरक्षित वन भूमि की आवश्यकता होगी। जिनमें से कुल 5.450 हे0 भूमि के हस्तान्तरण की आवष्यकता होगी । इस समरेखन पर /चुने गये स्थल पर लगभग 525 वृक्ष विभिन्न प्रजाति के इस परियोजना के निर्माण से प्रभावित होंगे, जिनमें से शून्य बांज प्रजाति के प्रभावित होंगे ।

अतः परियोजना के निर्माण हेतु चयनित विकल्प संख्या प्रथम के वन भूमि के अतिरिक्त अन्य वैकल्पिक एवं उपयुक्त भूमि उपलब्ध नहीं है तथा इस चुने गये वन भूमि की मांग न्यूनतम है।

चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण ग्राम स्वाला,मझेडा,बस्टियागूठ,ध्यानभण्डारी,बडोली के ग्रामो से गुजरेगा/में स्थित है। इन स्थलों की वर्तमान वन आच्छादन 0.20है एवं इन स्थलों में विभिन्न प्रजाति के वन हैं। चुने गये समरेखन का प्रारम्भ होने के स्थल का GPS मान $80^0$ 3′ 36.94′′ E $29^0$ 15′ 16.09′′ N है तथा यह स्थल टनकपुन तवाघाट मोटर मार्ग के कि.मी. 59 से प्रारम्भ होता है तथा समरेखण का अन्तिम स्थल बडोली है जिसका GPS मान $80^0$ 3′ 29.27′′ E $29^0$ 15′ 58.70′′ N है। चुने गये समरेखण/स्थल के बीच के स्थलों के GPS मान मझेडा $80^0$ 4′ 41.57′′ E $29^0$ 16′ 4.98′′ N, हैं।

चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण किसी राष्ट्रीय पार्क/वन्य जीव अभ्यारण का हिस्सा नही है ।
चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण के चयन से ग्रामवासियों के परम्परागत अधिकारों का हनन नही होगा ।
इस समरेखण पर मोटर मार्ग के निर्माण के दौरान जो मलवा उत्सर्जित होगा उसके निस्तारण हेतु ग्रामवासियों की नाप भूमि प्रस्तावित की गयी है. जो स्थल उपयुक्त पाये गये हैं जिनका GPS मान $80^0$ 3′ 29.27′′ E $29^0$ 15′ 28.70′′ N, $80^0$ 3′36.94′′ E $29^0$ 15′ 16.09′′ N, $80^0$ 04′ 28.02′′ E $29^0$ 15′ 57.21′′ N, $80^0$ 04′ 28.02′′ E $29^0$ 15′ 57.21′′ N, $80^0$ 4′ 28.02′′ E $29^0$ 15′ 57.21′′ N, $80^0$ 4′ 41.57′′ E $29^0$ 16′04.98′′N $80^0$ 3′ 51.54′′ E $29^0$ 16′00.68′′N हैं।

अन्य आवश्यक विवरण :– उपरोक्तानुसार इस मार्ग में पड़ने वाले 3.360 हे0 वनभूमि प्रस्ताव स्वीकृति हेतु प्रेषित है। वनभूमि प्राप्त होने के पश्चात इस मार्ग का निर्माण कार्य कराया जायेगा। यह मार्ग सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण मार्ग है तथा इस मार्ग के बनने से इस क्षेत्र की जनता का तहसील मुख्यालय एवं जनपद मुख्यालय चम्पावत हो जायेगा।

नोट– इस रिपोट पर भूवैज्ञानिक की राय भी प्रस्ताव बनाने से पूर्व में ही प्राप्त कर ली जाये।

| हस्ताक्षर | हस्ताक्षर | हस्ताक्षर | हस्ताक्षर | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|
| (प्रयोक्ता एजेन्सी) प्रतिनिधि | (वन विभाग) प्रतिनिधि | (राजस्व विभाग) प्रतिनिधि | (अन्य दावेदार) प्रतिनिधि | (जन प्रतिनिधि) प्रतिनिधि |

Assistant Engineer
Irrigation Division P W D
P.I.U.P.M.G.S.Y. Champawat

वन क्षेत्राधिकारी
चम्पावत रेंज

राजस्व निरीक्षक
तहसील - चम्पावत

8

अधिशासी अभियन्ता
सिंचाई खण्ड (लो0नि0वि0)
चम्पावत

जिलाधिकारी
चम्पावत

तहसीलदार
चम्पावत

प्रभागीय वनाधिकारी
चम्पावत वन प्रभाग
चम्पावत